# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026





## खबर संक्षेप



### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक पर कार्रवाई

**गीदम।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करने हेतु एसडीओपी गोविंद दीवान के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा निरंतर सघन अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 4 फरवरी को थाना गीदम क्षेत्रांतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज के पास एनएच 63 मुख्य सड़क मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएच 7209 के चालक को सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाहीपूर्वक एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चलाते पाया गया। जांच करने पर चालक के शराब के नशे में होने की आशंका होने पर उसे रोककर मेडिकल परीक्षण कराया गया। मेडिकल परीक्षण में आरोपी महेश मंडावी पिता दश नाथ मंडावी, निवासी दादर गढ़, थाना केशकाल, जिला कोंडागांव का शराब के नशे में होना प्रमाणित पाया गया। आरोपी के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185, 130(3), 177 एवं 177(बी) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण की सुनवाई उपरांत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा द्वारा आरोपी को दोषी पाते हुए ग्यारह हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

### पीड़ित परिवार को दिया 2 लाख का चेक

**जगदलपुर।** कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को संबल भी प्रदान किया। उन्होंने राजमोहनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के तहत कुरंदी निवासी कमलोचन नाग को 2 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक सौंपा। यह सहायता राशि उनकी पत्नी स्वर्गीय भारती नाग के आकस्मिक निधन के पश्चात स्वीकृत की गई थी। उप मुख्यमंत्री द्वारा किया गया यह वितरण न केवल लाभार्थियों के लिए आर्थिक मदद है, बल्कि बस्तर के सुदूर वनांचलों में रोजगार और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम भी है। इस दौरान उपस्थित महिला समूहों के सदस्यों से इमली, काजू के प्रोसेसिंग की गतिविधियों का संज्ञान लेकर बाजार की उपलब्धता एवं मार्केटिंग की व्यवस्था के संबंध चर्चा किए।

# विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से सीखे तनावमुक्त होकर परीक्षा देने के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की पहल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से दिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र–छात्रओं ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ कार्यक्रम को देखा और सुना। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव, भय और दबाव से कैसे निपटा जाए, इस पर विस्तार से मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम में समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से जानकारी दी गई। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों में मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति स्पष्टता लाने में सहायक होते हैं। परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रम बच्चों को न केवल परीक्षा बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मार्गदर्शक कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि छात्र बिना दबाव के आगे बढ़ सकें और अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। आयोजन में संस्था के समस्त छात्र छात्रएं, प्राचार्य जमील खान, मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, श्रीमती रीता प्रधान, सारिका कश्यप, दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्रा रेखा ध्रुव, राम प्रसाद कोर्राम, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ ने शिरकत की।

## हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण देख खुश हुए विद्यार्थी

### विद्यार्थियों को मिली नई ऊर्जा और आत्मविश्वास

लाइव कार्यक्रम देखने के बाद विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें परीक्षा को लेकर नई समझ और आत्मविश्वास मिला है। कई छात्रें ने कहा कि अब वे परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि अपनी क्षमताओं को परखने के अवसर के रूप में देखेंगे। तनाव मुक्त होकर तैयारी करने के लिए मिली सीख उन्हें भविष्य में भी लाभ पहुंचाएगी।



### शिक्षकों ने भी दिया मार्गदर्शन

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि परीक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि सीखने और स्वयं को बेहतर बनाने की प्रक्रिया है। उन्होंने बच्चों को नियमित अभ्यास, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में शामिल होने की सलाह दी।



## जिला कार्यालय में हम होंगे कामयाब अभियान में विशेष सत्र आयोजित

# सकारात्मक सोच के साथ करें निरंतर अभ्यास तनाव, समय व आत्मप्रबंधन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को विद्यार्थियों के परीक्षा पूर्व तनाव को कम करने के उद्देश्य से हम होंगे कामयाब अभियान के अंतर्गत एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने की। यह आयोजन युवोदय कोंडानार चौंप्स कार्यक्रम, यूनिसेफ एवं एग्रीकॉन समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि जिले के 100 से अधिक विद्यालयों के लगभग 6000 विद्यार्थी वर्चुअल माध्यम से सत्र से जुड़े। सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक मानसिकता विकसित करना, निरंतर अभ्यास के महत्व को समझाना तथा बेहतर परीक्षा प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। विद्यार्थियों को प्रेरक वीडियो दिखाए गए एवं तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन तथा आत्म–प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने परीक्षा के दौरान उत्तर लेखन की रणनीति समझाते हुए गुणवत्ता पर ध्यान देने, नियमित अभ्यास करने, सभी प्रश्नों का प्रयास करने तथा उत्तरों को स्पष्ट व व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करने के सुझाव दिए। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से लक्ष्य पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी।

### विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान

सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया के प्रभाव, घरेलू जिम्मेदारियों, परीक्षा में घबराहट एवं कम समय में रणनीति बनाने जैसी समस्याओं पर प्रश्न पूछे। कलेक्टर ने अपने अनुभवों के आधार पर इन सभी प्रश्नों के व्यवहारिक और प्रेरणादायक उत्तर दिए।

### मानसिक सहयोग के लिए आईवीआर हेल्पलाइन साझा

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ आईवीआर हेल्पलाइन नंबर साझा किया गया। जिससे वे नकारात्मक विचार आने पर बिना संकोच सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही तनाव नियंत्रण एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय भी बताए गए।

### बच्चों ने साझा किए अनुभव

कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्र सीता सोरी एवं आत्मानंद विद्यालय की छात्र नीता ने परीक्षा के दौरान डर व घबराहट से जुड़ी समस्याएं साझा कीं, जिनका समाधान कलेक्टर द्वारा सरल उदाहरणों के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में हम होंगे कामयाब अभियान से संबंधित सूचना–शिक्षा–संचार सामग्री का वितरण किया गया। युवोदय कोंडानार चौंप्स के स्वयंसेवकों द्वारा ध्यान अभ्यास एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के तरीके सिखाए गए।

### जिलेभर में अभियान जारी

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में हम होंगे कामयाब अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विधायक ने पुलिया निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम पंचायत ईसलनार में पांच लाख रुपये की लागत से बनने वाली पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक उसेंडी द्वारा राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसलनार की 19 छात्राओं को सायकल वितरित की गई। उन्होंने कहा कि सायकल योजना से बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं को कैरम, बॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट किट सहित अन्य आवश्यक खेल सामग्री का भी वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से 3 दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। जैतराम सोरी को श्रवण यंत्र, चौतीबाई को छड़ी तथा बाइसराम को ट्राइसिकल प्रदान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर सहित संतोष पात्र, रीना सोरी, धनजू मरकाम, विक्रम सोरी, मीनू मरकाम, अजमिला सोरी, जैनलाल कोर्राम सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार को जिले के विभिन्न विकासखण्डों में निर्माणाधीन कार्यों का गहन निरीक्षण किया। केशकाल विकासखण्ड अंतर्गत उन्होंने केशकाल मुख्य मार्ग के उन्नयन कार्य का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही पोल शिफ्टिंग एवं वृक्ष कटाई के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्य के चलते आमजन को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकता अनुसार यातायात डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके। कलेक्टर ने केशकाल में प्रस्तावित सुव्यवस्थित लाइब्रेरी निर्माण हेतु चिन्हांकित भूमि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम केशकाल सुश्री आकांक्षा नायक, एनएच अधिकारी प्रज्ञानंद, तहसीलदार गणेश सिदार एवं जनपद पंचायत सीईओ अनुराग सिन्हा उपस्थित रहे।



### फरसगांव में लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण

फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत कलेक्टर ने शासकीय महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण कर इसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने फरसगांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर खरीदे गए धान की गुणवत्ता एवं वजन की जांच की तथा पीवी के अनुसार शेष धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लंजोड़ा में महतारी सदन निर्माण कार्य का अवलोकन

कलेक्टर ने लंजोड़ा में निर्माणाधीन महतारी सदन भवन के कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम फरसगांव अश्वन पुसाम, तहसीलदार जय नाग, जनपद पंचायत सीईओ रूपेन्द्र नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# वीबी जी रामजी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले में वीबी जी रामजी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनपद पंचायत कोंडागांव के सभाकक्ष में ग्राम पंचायत सचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम से जुड़ी योजनाओं, लक्ष्यों, कार्यप्रणाली एवं जमीनी स्तर पर प्रभावी अमल को लेकर सचिवों को विस्तृत जानकारी देना तथा आगामी कार्ययोजना तय करना रहा। बैठक में जनपद पंचायत अंतर्गत कार्यरत सभी ग्राम पंचायत सचिवों के साथ–साथ जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारी, तकनीकी अमला एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोंडागांव अविनाश भोई ने वीबी जी रामजी कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम ग्राम पंचायतों को अधिक सक्षम, पारदर्शी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बैठक में बताया गया कि वीबी जी रामजी का प्रमुख उद्देश्य ग्राम पंचायतों में सुशासन को बढ़ावा देना, वित्तीय एवं प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करना तथा विकास कार्योंं में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत ग्राम सभाओं को सक्रिय करने और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं के चयन पर जोर दिया गया। यह स्पष्ट किया गया कि सभी विकास योजनाओं का चयन ग्राम सभा के माध्यम से किया जाएगा, ताकि स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कार्य हो सके। सचिवों को ग्राम सभाओं का नियमित आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सोशल ऑडिट एवं जनसुनवाई प्रक्रियाओं को भी नियमित रूप से अपनाने पर जोर दिया गया।

### डिजिटल व्यवस्था से बढ़ेगी पारदर्शिता

श्री भोई ने सचिवों को अवगत कराया कि कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल रिकॉर्ड संधारण, योजनाओं की ऑनलाइन निगरानी, पारदर्शी भुगतान प्रणाली एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन को प्राथमिकता दी गई है। इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और पंचायत व्यवस्था पर आमजन का विश्वास मजबूत होगा।

### सचिव पंचायत व्यवस्था की रीढ़

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ होते हैं और वीबी जी रामजी की सफलता उनकी कार्यकुशलता, ईमानदारी एवं सक्रियता पर निर्भर करती है। उन्होंने सचिवों को योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से जनपद पंचायत को भेजने के निर्देश दिए। बैठक में वीबी जी रामजी के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें बुनियादी ढांचा विकास, पेयजल, स्वच्छता, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं प्रमुख रहीं।

# स्कूली बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोण्डागांव जिले के पीएमश्री विद्यालय महात्मा गांधी वार्ड, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोण्डागांव तथा उच्च प्राथमिक शाला आडकाछेपड़ा के लगभग 200 छात्र–छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा 2026 के 9वें संस्करण का सीधा प्रसारण देखा। प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से संवाद के माध्यम से परीक्षा तनाव, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया गया, जिसे बच्चों ने गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र–छात्रओं से परीक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे और उनके समाधान पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के जिला मिशन समन्वयक ईमल सिंह बघेल, सहायक जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती शीला शार्दुल एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 3 के शेष

### बस्तर पंडुम जनजातीय....

किरण सिंहदेव लाल पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा एक-एक पंडाल में पहुंच पंडाल प्रमुखों से चर्चा की और राष्ट्रपति से कैसे जानकारी देना है, इसका उन्होंने रिहर्सल किया। इधर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा करते कहा पूरे मैदान को जनजातीय जीवन-दर्शन का जीवंत संग्रहालय स्वरूप दिया गया है, जहां चार अलग-अलग विशाल डोम और एक भव्य मंच निर्मित किया गया है। इन डोमों में बस्तर की आदिवासी संस्कृति, परंपरा, तीज-तेवहार, बोली, खान-पान, रहन-सहन और कलात्मक विरासत को थीम आधारित कक्षों में फोटो, मॉडल और जीवंत प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। देव ने कहा विशेष आकर्षण के रूप में बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा को प्रतीकात्मक रथ और कलात्मक संरचना के जरिए सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो बस्तर की सामूहिक आस्था और सांस्कृतिक चेतना को दर्शाता है। राष्ट्रपति को बस्तर की जनजातीय विशेषताओं, ऐतिहासिक परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान की समग्र जानकारी दी जाएगी। बस्तर पंडुम के आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी अभूतपूर्व स्तर पर की गई है। राष्ट्रपति के प्रवास को देखते हुए लालबाग पुलिस ग्राउंड और आसपास के क्षेत्रों में बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा, आयोजन स्थल के भीतर अलग-अलग पंडालों में बस्तर की काष्ठकला, बेलमेटल कला,पारंपरिक शिल्प, जनजातीय नृत्य शैलियां और लोकसंगीत को प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही बस्तरिया मांडिया पेज,चापड़ा चटनी और अन्य पारंपरिक जनजातीय खाद्य पदार्थों को भी विशेष रूप से सजाया गया है, ताकि बस्तर की खान-पान संस्कृति की विशिष्टता सामने आ सके। तैयारियों के निरीक्षण के दौरान कलाकारों को यह भी समझाया गया कि वे राष्ट्रपति के समक्ष अपनी कला, परंपरा और जनजातीय खूबियों को किस प्रकार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करें, ताकि बस्तर की पहचान सशक्त रूप में उभरकर सामने आए। इस दौरान बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर रेंज के आईजी सुन्दराज पी, बस्तर कलेक्टर आकाश चिकारा, बस्तर एसपी शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ जैन व बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सम्मलित थे।

### चाकचौबंद व्यवस्था के ....

इंतजाम किए गए है। इस दौरान एक हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बस्तर के अलावा पूरे प्रदेश से अधिकारियों व जवानों को एक दिन पूर्व ही बस्तर बुलाया गया है जिन्हें शुक्रवार से ही सभी जगहों में तैनात कर दिया गया है। शुक्रवार रात से शनिवार दोपहर तक के लिए शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्रों में जवानों की तैनाती कर दी गई है। विशेषकर एयरपोर्ट से लेकर शहीद पार्क, कुम्हारपारा चौक, कोतवाली चौक, अभियंता तिराहा तथा गणतंत्र द्वार लालबाग तक वीआईपी रूट होने के चलते सामान्य पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। डीएसपी ट्रैफिक संतोष जैन ने बताया कि सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक कई मार्गों को प्रतिबंधित किया गया है। इन मार्गों से कार्यक्रम स्थल में आने के लिए पार्किंग व्यवस्था की गई है। वाहन खड़ा करके कार्यक्रम स्थल लालबाग तक पैदल आना होगा।

यहां कर सकेंगे वाहन पार्क : एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने नागरिकों से अपील है कि असुविधा से बचने डाइवर्टेड रास्ते और रूट का उपयोग करें। कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आम नागरिकों के लिए पार्किंग का इंतजाम गणपति रिसोर्ट के सामने मैदान, आमगुड़ा जिओ पेट्रोल पम्प के बाजू तथा कुम्हड़ाकोट मैदान में की गई है। शनिवार को लाल बाग मैदान कार्यक्रम स्थल में प्रवेश के लिए अलग अलग प्रवेश द्वारा बनाए गए है। वीआईपी तथा मीडिया पासधारियों के लिए चित्रांश मंदिर सनसिटी मार्ग से प्रवेश करना होगा। वहीं सांकृतिक दल के सदस्य गणतंत्र द्वार के पास से तथा स्कूल के सांस्कृतिक दल की छात्राएँ एमआईपी निकासी द्वार का उपयोग करेंगी।

### बस्तर में परीक्षा ...

प्रयास में आईएएस अधिकारी बने थे। उन्होंने समझाया कि कोई भी परीक्षा अंतिम नहीं होती, इसलिए असफलता से डरने के बजाय निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। प्रधानमंत्री के संवाद और कलेक्टर के प्रेरक उद्बोधन ने विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास की नई चमक बिखेर दी। इस आयोजन की सार्थकता केवल स्कूलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि बस्तर, भानपुरी और बड़े किलेपाल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण जुटे रहे।

### दंतेश्वरी मंदिर में...

समिति के साथ बैठक प्रस्तावित है, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, जांच की प्रगति और जिम्मेदारों की भूमिका पर कड़े निर्णय लिए जाएंगे। आश्वासन के बाद संगठनों ने आंदोलन फिलहाल स्थगित किया, लेकिन तय समय-सीमा तक परिणाम न आने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। मौके पर कोतवाली टीआई भोला सिंह और तहसीलदार राहुल गुप्ता उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओ संग्राम...

कोकडू, विजय बिसाई, भोजराज नाग, लक्ष्मण सेठिया, सुखराम जादव, कमल कश्यप, सूकालदार नैग, अगस्टीन सोना, संजय नाग, मुकुंद नेताम, दमरुधर, गोविंद कश्यप, नरेंद्र सैमुअल, नीतीश शर्मा, सोहन लाल, इन्दु बघेल और खीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

### बोर्ड के जेडी ने ...

जगदलपुर में 67, कोंडागांव में 25, कांकेर में 4 सड़क, पुलिया का निर्माण किया जा रहा है, इसमें से 68 सड़क, पुलिया का निर्माण कार्य पूरा किया गया। साथ ही 8 सड़क, पुलिया का निर्माण कार्य प्रगति में है, निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर समझौता नहीं किया जाएगा।

### मंदिर के गर्भगृह में ...

धर, पी रंगाचार्य, राजेश महावर, देवेंद्र देवांगन, सुब्रा दास, नंदनी आचार्य, शारदा पटेल, अनीता कुंडू, अरुण राव, अभय राय, अर्चना शाह, देवाशीष चौधरी, धर्मेंद्र पटेल, गोविंद पाल, किरण सोनी, मुन्नी सिंह, मुरलीधर झा, रजनी पाठक, पूनम वर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, संध्या महावर, मंजू यादव, सुषमा ठाकुर, रंजन पाण्डेय, स्वाति चटर्जी, लिलिमा शाह, पूजा घोष, भगवती बघेल, रजनी महावर, अभ्या शुक्ला, आशा शुक्ला, दीपा चौधरी, मंजू शुक्ला, शोभा धर, सुशीला देवी गुप्ता, अरुणा आचार्य सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### बोर्ड अदा करेगा ...

की कटौती कर शेष राशि अदा की गई थी। इस पर ब्याज अदा नहीं किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा यह माना कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के भवन आवंटन के नियम एवं शर्तों में स्पष्ट उल्लेखित है कि राशि वापस किए जाने पर उस पर 7.5 फीसदी की दर से ब्याज भी अदा किया जाएगा, पर गृह निर्माण मंडल द्वारा ऐसा ना कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक का आचरण किया गया है। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति पृथक से दिए जाने का आदेश भी पारित किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2026-27
तोकापाल दिनांक, 27/01 /2026

**– उद्घोषणा –**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनसाय पिता लुदरू मौर्य जाति मुरिया निवासी ग्राम बड़ेपाराकोट तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने दादी नड़गी मौर्य पति मिरि मौर्य मृत्यु तिथि 10/08/23 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बड़ेपाराकोट के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 12/02/26 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 27/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 12/02/26

मुहर
**तहसीलदार**
**तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र./ब-121/2025-26

**//उद्घोषणा पत्र//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डोमाय यादव पिता लामूराम यादव निवासी लालबहादुर शास्त्री वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने पति स्व. लामूराम यादव पिता स्व. मुन्दा निवासी लालबहादुर शास्त्री वार्ड जगदलपुर का मृत्यु दिनांक 23/5/2012 को निवासी स्थान शहर लालबहादुर शास्त्री वार्ड जगदलपुर में हुआ है। आवेदक किसी कारण से अपने पति का मृत्यु तिथि 23/05/2012 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को अपने पति का शासकीय कार्य के लिये मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच / पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 12/02/2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है । नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी ।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार (नजूल)**
**जगदलपुर**

**सर्व संबंधित को सूचनार्थ**

1. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़, भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पर्यावास भवन सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर जिला- रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्र. 2799/एस.ई.आई.ए.ए., छ.ग./ माईन/2601, दिनांक 14/01/2026 के माध्यम से मेसर्स बालेंगा लाईम स्टोन क्वारी, (प्रो.-श्री मोहन सिंह कश्यप), ग्राम- बालेंगा, तहसील व जिला बस्तर (छ.ग.) खसरा क्रमांक 1142, 1139, 1141, 1140, 1128/1, 1138/1, 1138/2 एवं 1129, रकबा 1.96 हेक्टेयर में स्थित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान, क्षमता- 50,000 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई है।
2. उपरोक्त पर्यावरणीय स्वीकृति, प्रतियाँ सचिवालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इसका अवलोकन एस. ई. आई. ए.ए. छत्तीसगढ़ की वेबसाइट parivesh.nic.in पर भी किया जा सकता है।

**मोहन सिंह कश्यप**
**परियोजना प्रस्तावक**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026



02 विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से सीखे ...





02 सकारात्मक सोच के साथ करें निरंतर अभ्यास तनाव, समय व...






# बस्तर पंडुम जनजातीय अस्मिता का महाकुंभ, राष्ट्रपति के आगमन से जगदलपुर ऐतिहासिक क्षण का बनेगा साक्षी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर की जनजातीय प्रकृति, परंपरा और सांस्कृतिक वैभव को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाला 'बस्तर पंडुम' शनिवार से पूरे वैभव के साथ आरंभ होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक महोत्सव का लोकार्पण राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए जगदलपुर पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। शहर के लालबाग पुलिस ग्राउंड में विशाल स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को तैयारी का जायजा लेने रायपुर से उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक ▶▶|शेष पेज 2 पर

## लालबाग मैदान में संस्कृति, परंपरा और विरासत का भव्य मंच



### गृहमंत्री ने डोम और मंच की बारीकी से समीक्षा की

*लालबाग पुलिस ग्राउंड में आयोजित बस्तर पंडुम को लेकर शुक्रवार को व्यापक स्तर पर तैयारियों का जायजा लिया गया, जिसमें प्रत्येक स्टॉल, डोम और मंच की बारीकी से समीक्षा की गई। कलाकारों से सीधा संवाद कर उन्हें प्रस्तुति का अभ्यास कराया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि बस्तर की जनजातीय संस्कृति, कला और परंपरा राष्ट्रपति के समक्ष सहज, प्रभावी और गरिमामय रूप में प्रस्तुत हो। निरीक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि बस्तर पंडुम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, आत्मगौरव और सांस्कृतिक विरासत का ऐसा मंच है, जिसकी पहचान देश-विदेश तक जाएगी और बदलते बस्तर की नई छवि को स्थापित करेगी।*

## चाकचौबंद व्यवस्था के बीच लालबाग में होगा कार्यक्रम



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के शनिवार को बस्तर प्रवास को देखते हुए सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। पूरे शहर को फाइव लेयर सुरक्षा घेरे में रखा गया है। शहर के अलावा आउटर में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। वहीं प्रवास को देखते हुए ट्रैफिक एडवायजरी जारी की गई है, जिसके मुताबिक सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित किया गया है। एयरपोर्ट से लालबाग कार्यक्रम स्थल से लेकर आउटर इलाके में सुरक्षा के कड़े ▶▶|शेष पेज 2 पर

### एक हजार जवानों की तैनाती

*राष्ट्रपति के प्रवास को देखते हुए एक हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई है। पूरे शहर को पांच लेयर सुरक्षा व्यवस्था में रखा गया है वहीं शहर के आउटर में भी एक दिन पहले से ही जवानों की तैनाती कर दी गई है जो शनिवार दोपहर तक तैनात रहेगें इसके अलावा आउटर में लगातार पेट्रोलिंग जारी रहेगी। - **महेश्वर नाग एएसपी, बस्तर।***

## खबर संक्षेप

### नक्सल प्रभातिव बीजापुर के गुण्डेपुरी में खुला नया कैम्प



**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के धूर नक्सल प्रभावित फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के गुण्डेपुरी में शुक्रवार को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना की गई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की नई पहल शुरू करते हुए ग्राम गुण्डेपुरी में 5 फरवरी को नवीन सुरक्षा एवं जन-सुविधा कैम्प की स्थापना सफलतापूर्वक की गई। जिले में माओवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए डीआरजी, जिला बल, छसबल 21 वीं वाहिनी एफ समवाय की संयुक्त टीमों द्वारा ग्राम गुण्डेपुरी में 34 वां नवीन कैम्प स्थापित किया गया है। प्राकृतिक चुनौतियों के बीच वर्ष 2024 से अब तक 34 नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की गई। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, पहुंच-विहीन मार्गों एवं कड़ाके की ठंड के बावजूद सुरक्षा बलों ने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और उच्च मनोबल के साथ नवीन सुरक्षा कैम्पों की सफल स्थापना की। यह उपलब्धि सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास को भी नई गति देगी। भोपालपटनम से फरसेगढ़, सेण्ड्रा एवं महाराष्ट्र के गढ़चिरौली को जोड़ने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। छग महाराष्ट्र को जोड़ने वाली इन्द्रावती नदी पर पुल निर्माण प्रगति पर है जिससे नेशनल पार्क क्षेत्र के सुदूर ग्रामों तक सड़क, आवागमन एवं प्रशासनिक पहुंच सुदृढ़ होगी। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना से स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, पीडीएस, मोबाइल नेटवर्क तथा सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं शुलभ होंगी। एसपी बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इससे माओवादी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होकर क्षेत्र में शांति एवं जन-विश्वास सुदृढ़ होगा।

### बोर्ड के जेडी ने ली 11 कृषि उपज मंडी सचिवों की क्लॉस



**जगदलपुर।** राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक जेडी ने शुक्रवार को 11 सचिवों की क्लॉस ली है, जिसमें खराब कामकाज और लापरवाही को लेकर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं। कमजोर प्रदर्शन करने वाले सचिवों को अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। इसलिए उपज की कमी को मार्च तक पूरा करने का निर्देश दिया गया। विपणन संघ की ओर से 11 कृषि उपज मंडियों को शासकीय धान खरीदी पर मंडी शुल्क दिया जाता है, जिसके चलते वर्ष 2024-25 से विपणन संघ ने अब तक मंडी शुल्क 1.07 अरब रुपए नहीं दिया है। इसके लिए सचिव को निर्देश दिया गया कि विपणन संघ से मिलकर बकाया मंडी शुल्क का भुगतान कराएं। राज्य कृषि विपणन बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बैठक में बताया कि कृषि उपज मंडी ▶▶|शेष पेज 2 पर

## प्रधानमंत्री मोदी का संवाद : 2231 स्कूलों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

# बस्तर में परीक्षा पे चर्चा, डिजिटल क्रांति के सहारे एक लाख से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचा पीएम का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण ने बस्तर जिले में जन-भागीदारी और तकनीकी उपयोग के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जिले में इस आयोजन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा गया और निर्धारित 1574 स्थानों के लक्ष्य को बहुत पीछे छोड़ते हुए कुल 2231 स्कूलों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। बस्तर के सुदूर वनांचलों से लेकर शहरी इलाकों तक कुल 1,05,674 विद्यार्थियों ने एक साथ प्रधानमंत्री के तनाव मुक्त मंत्र को सुना और परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने का संकल्प लिया।

- बस्तर में शिक्षा के बदलते स्वरूप की मिसाल बनी

इस बार का आयोजन बस्तर में शिक्षा के बदलते स्वरूप और डिजिटल क्रांति की जीती-जागती मिसाल बन गया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक माध्यमों से आगे बढ़कर तकनीक को गले लगाया। आंकड़ों के मुताबिक, सर्वाधिक 66 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने यूट्यूब के माध्यम से इस कार्यक्रम में सहभागिता की, जो यह साबित करता है कि अब बस्तर के अंदरूनी इलाकों में भी इंटरनेट और स्मार्टफोन शिक्षा के सशक्त माध्यम बन चुके हैं। डिजिटल माध्यमों के अलावा लगभग 16,500 विद्यार्थियों ने दूरदर्शन, 14,500 ने रेडियो और करीब 6,800 छात्रों ने पीएम ई-विद्या चैनलों के जरिए प्रधानमंत्री के प्रेरक शब्दों को सुना। विकासखंड स्तर पर भी होड़ देखने को मिली, जहां बस्तर विकासखंड और बकावंड में 23-23 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। यहां कलेक्टर आकाश छिकारा ने विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनका मनोबल बढ़ाया। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान स्वयं को अपने विषय की तैयारी के अनुरूप प्रश्न पत्र को अच्छा हल करें। वर्तमान दौर की चुनौतियों पर बात करते हुए उन्होंने मोबाइल फोन का सीमित उपयोग करने के लिए समझाइश देते हुए कहा कि इसे अपनी जरूरत के अनुरूप और सदुपयोग करना ही बेहतर है। वहीं कक्षा में पूर्ण एकाग्रता और नियमित अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। छात्रों को प्रेरित करने के लिए उन्होंने बताया कि वे स्वयं तीसरे ▶▶|शेष पेज 2 पर

### ये रहे उपस्थित

जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी, सदस्य अखिलेश मिश्रा, मनीष पारख, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे और संस्था के प्राचार्य बीएस राजकुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व नागरिक उपस्थित रहे।

# दंतेश्वरी मंदिर में चोरी पर उबाल, भूख हड़ताल के बाद प्रशासन का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माईं दंतेश्वरी मंदिर में 23-24 जनवरी की दरम्यानी रात हुई चोरी के बाद न तो चोरों का सुराग लगा और न ही सुरक्षा में चूक को लेकर किसी जिम्मेदार पर ठोस कार्रवाई हुई। इसी के विरोध में सनातन क्षेत्रीय मंच सक्षम और हिंदू एक मंच पर ने शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। करीब तीन घंटे चले धरने के दौरान नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तीव्र होगा। प्रमुख मांगों में चोरों की तत्काल गिरफ्तारी और सुरक्षा में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई शामिल रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से संवाद किया। प्रशासन ने बताया कि 10 फरवरी को मंदिर ▶▶|शेष पेज 2 पर

- चोरी के बाद भी कार्रवाई शून्य
- संगठनों ने जताया आक्रोश

### जांच और जवाबदेही पर कड़े निर्णय का आश्वासन

23-24 जनवरी की रात मंदिर में चोरी,उसके बाद जांच में सुस्ती से श्रद्धालुओं में असुरक्षा की भावना जताते हुए संगठनों द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की शुरुआत की। प्रशासन-पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संवाद किया। 10 फरवरी को मंदिर समिति संग बैठक में सुरक्षा,जांच और जवाबदेही पर कड़े निर्णय का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद आंदोलन को 10 फरवरी तक स्थगित कर दिया गया। तय समय-सीमा में परिणाम न आए तो आंदोलन फिर तेज होगा।

5 किलोमीटर की जनपदयात्रा में मजदूरों के अधिकारों की बुलंद आवाज

# मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चोकावाड़ा से नगरनार तक पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मनरेगा योजना में प्रस्तावित बदलावों और उसके नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चोकावाड़ा से नगरनार बाजार तक 5 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली गई। नगरनार ब्लॉक क्षेत्र में आयोजित इस जनआंदोलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए मनरेगा की मूल भावना, कानूनी गारंटी और मजदूरों के अधिकारों को बचाने का संकल्प लिया गया। पदयात्रा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीब,मजदूर और किसान के लिए आजीविका की संवैधानिक गारंटी है। योजना के नाम और



स्वरूप में बदलाव कर इसकी कानूनी मजबूती को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। महात्मा गांधी का नाम हटाना न केवल उनकी विरासत का अपमान है,बल्कि यह मजदूर वर्ग के संघर्ष और अधिकारों पर भी सीधा आघात है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि इस फैसले का लगातार विरोध किया जाएगा और जनआंदोलन के माध्यम से सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।यह पदयात्रा बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर नगरनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में आयोजित की गई। पदयात्रा में नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, वीरेंद्र साहनी, लेखन बघेल, जलंधर नाग, दयाराम कश्यप, बलराम ▶▶|शेष पेज 2 पर

### मनरेगा बचाओ संग्राम को जारी रखने का लिया संकल्प

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजित यह पदयात्रा ग्रामीण रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए जनजागरण का माध्यम बनी। वक्ताओं ने कहा कि योजना को कमजोर करना गरीबों की आजीविका पर हमला है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आंदोलन के माध्यम से मजदूर, किसान और वंचित वर्ग के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

मुख्यमंत्री के निर्णय के बाद 7 जिलों में 83 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

# अतिरिक्त दो दिन की राहत से बस्तर संभाग के किसानों को बड़ी संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धान खरीदी की निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद भी लाखों किसान अपना उपज नहीं बेच पाए थे, जिससे प्रदेशभर में असंतोष की स्थिति बन रही थी। किसानों की व्यापक मांग और ज़मीनी हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने मानवीय व किसान हितैषी निर्णय लेते हुए धान खरीदी की अवधि दो दिन के लिए बढ़ाई। इस फैसले से विशेष रूप से बस्तर संभाग के किसानों को बड़ी राहत मिली और सैकड़ों किसान, जो पहले छूट गए थे। अतिरिक्त दिनों में अपना धान बेचने में सफल रहे। बस्तर संभाग के सात जिलों में इन अतिरिक्त दो दिनों के दौरान धान खरीदी की उल्लेखनीय गतिविधि देखने को मिली।

- छूटे किसानों को मिला अवसर, खरीदी केंद्रों में फिर लौटी रौनक



उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, संभाग में कुल 83,255.23 मीट्रिक टन धान की अतिरिक्त खरीदी दर्ज की गई। इसमें सर्वाधिक योगदान कांकेर जिले का रहा,जहाँ किसानों ने लगभग 49,971 मीट्रिक टन धान बेचा। वहीं बस्तर, बीजापुर, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों में भी किसानों ने बड़ी संख्या में खरीदी केंद्रों तक पहुँच बनाकर अपने उपज का विक्रय किया। कुल 121 मिलों के माध्यम से यह अतिरिक्त उठाव संभव हो सका, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समय-सीमा में थोड़ी सी लचीलापन भी किसानों के लिए कितना बड़ा सहारा बन सकता है।

### अतिरिक्त दो दिनों में बस्तर संभाग में धान खरीदी

*बस्तर जिले में 79 खरीदी केंद्रों के माध्यम से 6,486 मीट्रिक टन धान की अतिरिक्त खरीदी हुई, बीजापुर में 30 केंद्रों से 3,069.80 मीट्रिक टन, दंतेवाड़ा में 15 केंद्रों से 5,663 मीट्रिक टन धान बेचा गया। कांकेर जिले में सर्वाधिक 149 केंद्रों के जरिये 49,971.20 मीट्रिक टन धान की खरीदी दर्ज की गई। कोंडागांव में 67 केंद्रों से 5,236.24 मीट्रिक टन,नारायणपुर में 17 केंद्रों से 5,815.29 मीट्रिक टन तथा सुकमा जिले में 25 खरीदी केंद्रों के माध्यम से 7,013.70 मीट्रिक टन धान की अतिरिक्त खरीदी हुई। इस प्रकार बस्तर संभाग के सातों जिलों में कुल 382 खरीदी केंद्रों से 83,255.23 मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया।*

## ओंकारेश्वर मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में वैदिक विधि-विधान के साथ चौथा दिन पूजा

# मंदिर के गर्भगृह में विराजित समस्त विग्रहों का कराया गया विधिवत प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के मैत्री संघ मार्ग स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन फाल्गुन कृष्ण पंचमी के पावन अवसर पर विविध धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः गौ पूजन से हुई, जहां वैदिक विधि के अनुरूप गौ माता की आराधना की गई। पूरा अनुष्ठान आचार्य रोमित राज त्रिपाठी,आचार्य शिव मिश्रा,आचार्य मानस रंजन दास,आचार्य हेमंत शर्मा,पंडित चंदन तिवारी,पंडित शुभंकर मिश्रा,पंडित मृत्युंजय,पंडित अर्जुन मिश्रा,पंडित तापस के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। आचार्यों एवं पंडितों ने इसके पश्चात आदर्श दर्शन,मंदिर शुद्धि एवं शिला स्थापना जैसे अनुष्ठान विधिविधान से पूर्ण कराए गए। मंदिर के गर्भगृह में विराजित समस्त विग्रहों का विधिवत प्रवेश कराया गया। अभिजित मुहूर्त में मुख्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। साथ ही देवताओं के गर्भ प्रवेश का अनुष्ठान भी पूर्ण किया गया। आचार्यों एव पंडितों ने प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत भगवान श्री ओंकारेश्वर सहित सभी विग्रहों का प्रथम दिव्य श्रृंगार एवं अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने दिव्य दर्शन का लाभ प्राप्त किया। सायंकाल यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद विशेष रूप से 360 दीपों का दीपदान हुआ,जिसे वर्ष के 360 दिनों का प्रतीक माना गया। प्रत्येक दीप भगवान शिव के नाम से प्रज्ज्वलित किया गया। परिवारजनों के नाम से दीपदान कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का समापन भव्य महाआरती के साथ हुआ,जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा। इस दौरान पर मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं महापौर संजय पाण्डेय, रेखा पाण्डेय सहित यजमान पक्ष की उपस्थिति में पूजन-अनुष्ठान संपन्न हुए। कार्यक्रम में आचार्य रोमित राज त्रिपाठी, आचार्य शिव मिश्रा, आचार्य मानस रंजन दास, आचार्य हेमंत शर्मा, पंडित चंदन तिवारी, पंडित शुभंकर मिश्रा, पंडित मृत्युंजय, पंडित अर्जुन मिश्रा, पंडित तापस सहित अनेक आचार्यगण उपस्थित रहे। आयोजन में सुकुमार ▶▶|शेष पेज 2 पर

- गौ पूजन से आरंभ अभिजित मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा





### प्रतिमाओं की स्थापना की गई

*मैत्री संघ मार्ग स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा 3 फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित की जा रही है,जिसके अंतर्गत श्री ओंकारेश्वर महादेव, भगवान श्री गणेश, मां दुर्गा, राम दरबार, भगवान हनुमान एवं माता संतोषी की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। पांच दिवसीय महोत्सव का समापन शनिवार को दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद भंडारे के साथ होगा, जो सामाजिक सहभागिता और आध्यात्मिक चेतना का सशक्त संदेश देगा।*

# बोर्ड अदा करेगा 22.55 लाख व 7.5 फीसदी की दर से 3 वर्षों का ब्याज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में गृह निर्माण मंडल द्वारा आवेदक को भवन आवंटन के लिए प्राप्त की गई राशि 22 लाख 55 हजार रुपए पर 7.5 फीसदी की दर से 3 वर्षों का ब्याज अदा करेगा। साथ ही मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए भी देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार शहर निवासी योगेंद्री जोशी द्वारा गृह निर्माण मंडल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अटल विहार योजना अंतर्गत 22 लाख 60 हजार रुपए की राशि अदा कर एक भवन क्रय किया गया था। भवन आवंटन के पश्चात आवेदक द्वारा प्रस्तावित क्षेत्रफल से कम क्षेत्रफल में भवन निर्माण करने और मकान निर्माण में उपयुक्त सामग्री निम्नस्तर की बताते हुए उसमें सुधार कार्य करवाने अथवा भवन आवंटन निरस्त कर प्राप्त राशि वापस अदा करने हेतु आवेदन दिया गया था। गृह निर्माण मंडल द्वारा वांछित सुधार कार्य न कर आवेदक को प्राप्त राशि में से पंजीयन शुल्क की 10 फीसदी की राशि ▶▶|शेष पेज 2 पर

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

## खबर संक्षेप

### 296 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण



**दंतेवाड़ा।** ग्राम पंचायत पहुरनार गत दिवस आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आसपास की ग्राम पंचायतों बड़ेकारका, कौर गांव, तुमरी गुंडा एवं चेरपाल से बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना रहा। आयोजन में राजस्व, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। शिविर के दौरान कुल 374 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 296 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए गए।

### छू लो आसमान संस्था में हुआ मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में आज जिले में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत छू लो आसमान संस्था परिसर में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा की तैयारी के दौरान तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला नोडल अधिकारी डॉ. देश दीपक ने विद्यार्थियों को परीक्षा के समय होने वाले तनाव से निपटने के उपाय, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा नियमित दिनचर्या अपनाने के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को मानसिक दबाव की स्थिति में खुलकर अपनी बात रखने एवं समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

# बस्तरवासियों को मिली जनजातीय गौरव वाटिका की अनमोल सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री और विधायक ने किया लोकार्पण





शहर की आपाधापी, धूल और शोर-शराबे से दूर, बस्तरवासियों को प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताने के लिए शुक्रवार को एक भव्य और अनमोल ठिकाना मिल गया। बस्तर की समृद्ध जनजातीय विरासत, परंपरा और नैसर्गिक सौंदर्य को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से कुम्हड़ाकोट में निर्मित 'जनजातीय गौरव वाटिका' का लोकार्पण छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप और विधायक किरण सिंह देव ने किया।

लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई यह वाटिका अब जनता के लिए समर्पित कर दी गई है, जो न केवल पर्यटन का नया केंद्र बनकर उभरी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक अनूठी मिसाल पेश कर रही है। शुक्रवार शाम आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री, विधायक के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप और छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, सीसीएफ आलोक कुमार तिवारी, स्टायलो मंडावी, संचालक कांगेर वैली सहित अन्य प्रमुख स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे।

लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने वाटिका का अवलोकन किया। वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान अतिथियों को अवगत कराया कि करीब 25 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैले इस प्रोजेक्ट को शुरुआत में एक हेल्थ पार्क के रूप में परिकल्पित किया गया था, जिसे बाद में एक भव्य वाटिका का रूप दिया गया। उपमुख्यमंत्री ने यहाँ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों के लिए बनाए गए 1700 मीटर लंबे वॉकिंग ट्रेल, योगा शेड, योगा ज़ोन और ओपन जिम जैसी आधुनिक सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने वॉकिंग ट्रेल के बीच-बीच में बनाए गए 'गपशप ज़ोन' और पारिवारिक आयोजनों के लिए निर्मित पाँच सुंदर पगोड़ा को भी देखा, जो अब पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं।

वाटिका भ्रमण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने यहां की इको-फ्रेंडली नीति और प्लास्टिक फ्री ज़ोन के नियम को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। वाटिका के बीच में निर्मित तालाब और आइलैंड ने सभी का मन मोह लिया।

आगंतुकों की सुविधाओं के लिए प्रवेश द्वार पर भव्य पार्किंग और प्रसाधन की व्यवस्था भी सुचारू रूप से शुरू हो गई है। वन विभाग द्वारा भविष्य में यहाँ ट्री-हाउस बनाने और एडवेंचर स्पोर्ट्स शुरू करने की योजना की जानकारी भी दी गई। उपमुख्यमंत्री द्वारा किए गए इस लोकार्पण के साथ ही अब जनजातीय गौरव वाटिका बस्तर के पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थल के रूप में अंकित हो गई है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री तथा वन मंत्री द्वारा विभिन्न स्व-सहायता समूहों और हितग्राहियों को एक करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक की राशि के चेक वितरित किए। इस पहल के माध्यम से शासन ने वनांचल में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और वन आश्रित परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

### स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने दिया ऋण

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने वृत्त स्तरीय चक्रीय निधि के तहत महिला स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 1 करोड़ 20 लाख 13 हजार रुपये का ऋण वितरित किया। इसमें सबसे बड़ी राशि बकावण्ड के मां धारणी करणी स्व-सहायता समूह' को प्रदान की गई, जिन्हें काजू प्रसंस्करण और विपणन जैसे बड़े कार्यों के लिए 50 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। इसी कड़ी में, आसना के गोधन स्व-सहायता समूह को गाय पालन के लिए 34 लाख रुपये की राशि दी गई। उन्होंने घोटिया और भानपुरी के समूहों को इमली संग्रहण व प्रसंस्करण के लिए 13-13 लाख रुपये तथा कोलेंग की समिति को दोना-पत्तल निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की राशि वितरित कर स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित किया।

## मनरेगा बचाओ संग्राम उसरी में हुआ जनसभा

# लखेश्वर ने लगाया आरोप, भाजपा कर रही मनरेगा को कमजोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत ग्राम पंचायत उसरी में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम पंचायत उसरी पहुंचने पर माता-बहनों एवं कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक रूप से उनका स्वागत किया। इसके पश्चात बघेल ने माता तपेश्वरी की पूजा अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक बघेल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को काम की कानूनी गारंटी प्राप्त थी, जिसके अनुसार काम मांगने पर 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य था, लेकिन अब किए गए बदलावों के बाद यह अधिकार समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब मनरेगा सरकार की मर्जी से बांटी जाने वाली योजना बनती जा रही है, जहां यह तय किया जाएगा कि किस पंचायत को काम मिलेगा और किसे नहीं।

उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा का अधिकांश खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी और राज्यों पर केवल 10 प्रतिशत का भार था, लेकिन अब राज्यों पर 40 प्रतिशत का बोझ डाल दिया गया है । प्रदेशों की आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर है और सरकारे कर्ज के सहारे चल रही हैं, ऐसे में यह फैसला राज्यों के लिए घातक साबित होगा।

बघेल ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वन अधिकार पट्टा वितरण आदिवासी एवं ग्रामीण किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। कांग्रेस सरकार द्वारा 5.16 लाख से अधिक वन अधिकार पत्रों का वितरण कर परंपरागत रूप से काबिज किसानों को जमीन का मालिकाना हक, आर्थिक सुरक्षा और आधुनिक कृषि करने का अवसर प्रदान किया गया। बेरोजगार युवाओं के लिए शुरू की गई योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 12वीं पास बेरोजगार युवाओं को, जिनकी पारिवारिक आय 25 लाख रुपये से कम है, प्रतिमाह 2500 रुपये का भत्ता देने की योजना शुरू की गई थी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत बालेंगा से आए किसानों ने टोकन नहीं कटने की समस्या को लेकर विधायक से शिकायत दर्ज कराई। इस पर बघेल ने तत्काल दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे किसानों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बालेशचंद्र दुबे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर, श्यामकुमारी ध्रुव, सेवती बघेल, आशावती, लखेश्वर कश्यप, हेमराज बघेल एवं समस्त ग्रामवासी कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## विद्यालयों के बच्चों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को देखा और सुना। इस कार्यक्रम में बच्चों ने परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री के सुझावों को समझा। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को बड़े ध्यान से सुना और उनके सवालों का जवाब दिया।

बच्चों ने परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने के लिए प्रधानमंत्री के सुझावों को अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सुझावों को अपनाकर बच्चे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान विद्यालय के लगभग 693 बच्चों व आचार्य दीदियों ने लाइव कार्यक्रम को देखा व सुना।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गीदम में प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें लगभग 315 बच्चे और 23 शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने के लिए उनके सुझावों को समझा। प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया और कहा कि परीक्षा को एक अवसर के रूप में देखना चाहिए।

## विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और सही दिशा देने का कर रहे कार्य : बसंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



- परीक्षा को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपने ज्ञान और क्षमता को परखने का अवसर मानें

पीएम श्री आत्मानंद हाई सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज का युग अत्यधिक प्रतिस्पर्धा का युग है, जहां परीक्षा के समय विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव और तनाव स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा जैसे अभिनव संवाद कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों से सीधे जुड़कर उनके तनाव को कम करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। नियमित रूप से परीक्षा के पूर्व विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उन्हें आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और सही दिशा देने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मैं भी विद्यार्थियों से अपील करता हूं कि वे परीक्षा को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपने ज्ञान और क्षमता को परखने का अवसर मानें। अच्छी और उपयोगी पुस्तकों का अध्ययन करें। आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है, आवश्यकता अनुसार उसकी सकारात्मक और सीमित सहायता भी ली जा सकती है। साथ ही योग, ध्यान एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल कर मानसिक तनाव को कम करें, जिससे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन संभव हो सके। विद्यार्थियों को महापुरुषों की जीवन गाथाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, क्योंकि उनके संघर्ष और सफलता की कहानियां जीवन में आगे बढ़ने की ऊर्जा प्रदान करती हैं।

2047 तक विकसित भारत के निर्माण का सपना साकार करने की जिम्मेदारी आपके मजबूत कंधों पर है। आत्मविश्वास, परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें और देश के उज्ज्वल भविष्य के सहभागी बनें। डॉ. बसंत कश्यप ने कार्यक्रम समाप्ति के बाद विद्यार्थियों से बातचीत कर प्रतिक्रिया जानी। इस अवसर पर प्रिंसिपल सहित विद्यालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## वनपाल के सेवानिवृत्त होने पर वन विभाग ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

वन विभाग में 35 वर्षों से अधिक समय से सेवा देने वाले वनपाल अच्छेलाल पटेल के सेवानिवृत्त होने पर रेट हाउस गीदम में वन विभाग द्वारा सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर वनमंडल दंतेवाड़ा के सभी परिक्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, वनपाल, वनरक्षक, ऑफिस के स्टॉफ और अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान अच्छेलाल पटेल को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की और उनके योगदान को सराहा। अच्छेलाल पटेल ने अपने सेवाकाल में वन विभाग के लिए किए गए कार्यों और उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया। वनमंडल दंतेवाड़ा के अधिकारियों ने अच्छेलाल पटेल के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि वे हमेशा वन विभाग के साथ जुड़े रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने अच्छेलाल पटेल के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। अच्छेलाल पटेल की सेवानिवृत्ति पर आयोजित कार्यक्रम में सभी ने उनके साथ अपने अनुभवों को साझा किया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## महिलाओं को मिला उद्यमिता संवर्धन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर विकासखंड अंतर्गत बालेंगा पंचायत में 14 दिवसीय महिला उद्यमिता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में सक्षम बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र की महिला प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के दौरान केवीसीसीएल की विशेषज्ञ टीम, जिला पंचायत के विशेषज्ञों एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रतिनिधियों द्वारा महिलाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

14 दिवसीय प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम की आधारभूत जानकारी, बुक कीपिंग एवं लेखा-जोखा प्रबंधन, उद्यम पंजीकरण प्रक्रिया, आवश्यक लाइसेंसिंग, आयकर रिटर्न दाखिल करने की जानकारी, उत्पाद विकास, बाजार से जुड़ाव मार्केट लिंकेज सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, स्वयं का उद्यम प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करना तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना रहा। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान संवादात्मक एवं व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों की उद्यमशील क्षमताओं को विकसित किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली सभी महिला प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजन संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहल महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार सृजन एवं स्थानीय आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है, जिससे बस्तर अंचल में महिला उद्यमिता को नई गति मिलने की संभावना है।

## बस्तर झेल रहा है अव्यवस्था, सरकार मना रही बस्तर पंडुम : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कर्मा ने शासन पर स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा बस्तर संभाग बदहाली के दौर से गुजर रहा है। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक सहित जिले के अन्य सभी ब्लॉकों के शासकीय अस्पतालों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक, शर्मनाक एवं अमानवीय हो चुकी है। सभी जगह अव्यवस्था, संसाधनों की भारी कमी और मरीजों के साथ असंवेदनशील व्यवहार देखने को मिल रहा है। न पर्याप्त स्टाफ है, न मूलभूत सुविधाएं और न ही किसी अधिकारी की जवाबदेही। गीदम ब्लॉक के ट्रॉमा सेंटर की हालत बद से बदतर है, जीवन रक्षक मशीनों का घोर अभाव है, बीपी नापने जैसी बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है डॉक्टर एवं स्टाफ का रवैया असंवेदनशील और लापरवाही भरा है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मशीनें उपलब्ध होने के बावजूद वर्षों से बंद पड़ी हैं। स्टाफ की भारी कमी के कारण मरीजों को बार-बार भटकाया जा रहा है और कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। सबसे गंभीर और संवेदनशील विषय यह है कि बच्चों की आवश्यक दवाइयाँ अस्पतालों में उपलब्ध नहीं हैं, जिससे गरीब, ग्रामीण एवं आदिवासी परिवारों के बच्चों का भविष्य खतरे में है।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा अतिथियों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 (सेजेस) में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक किरण देव का विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पमाला और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीतों, लोकनृत्यों तथा सामाजिक संदेश से ओतप्रोत नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए विगत वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि विधायक किरण देव एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय की शालेय पत्रिका "संदेष्ण" का विमोचन भी विधायक किरण देव के करकमलों से संपन्न हुआ। वहीं विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि को प्रोत्साहित करते हुए विधायक किरण देव ने विज्ञान मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया और विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के दौरान स्काउट-गाइड एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन में अनुशासन एवं व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस दौरान एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा,योगेन्द्र कौशिक, एसएमडीसी अध्यक्ष प्रकाश झा,अभिलाष यादव,बीईओ राजेश गुप्ता,प्राचार्य सुधा परमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

